Chapter- 14

शब्द भंडार-पर्यायवाची शब्द

STUDY NOTES

विषय सारांश:

- जो शब्द समान अर्थ बताते हैं, उन्हें पर्यायवाची शब्द या समानार्थी शब्द कहते हैं।

कुछ पर्यायवाची शब्द-

	मूल शब्द	-	पर्यायवाची शब्द
१.	अंधकार	-	अँधेरा, तिमिर, तम
२.	अग्नि	-	आग, पावक, अनल
३.	आँख	-	नेत्र, नयन, लोचन
४.	आकाश	-	अंबर, गगन, नभ
५.	कपड़ा	-	वस्त्र, वसन, चीर
६.	बादल	-	जलद, जलधर, घन
७.	घर	-	आलय, सदन, भवन
८.	जल	-	पानी, नीर, सलिल
९.	दिन	-	दिवस, वार, वासर
१०.	पक्षी	-	खग, विहग, नभचर
११.	पर्वत	-	पहाड़, नग, गिरि
१२.	पृथ्वी	-	धरा, वसुधा, भूमि
१३.	पेड़	-	वृक्ष, तरू, विटप
१४.	माँ	-	जननी, माता, अंबा
१५.	रात	-	रात्रि, रजनी, निशा
१६.	सूर्य	-	सूरज, भानु, दिवाकर
१७.	वन	-	जंगल, कानन, विपिन
१८.	वायु	-	पवन, हवा, समीर
१९.	संसार	-	विश्व, जगत, दुनिया
२०.	नदी	-	सरिता, तटिनी, तरंगिनी

ODM EDUCATIONAL GROUP Changing your Tomorrow

आइए, अब लिखें:

१. चित्र देखकर उनके नीचे दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए।

घन	आदमी	अग्नि
जलद	नर	पावक

२. उचित समानार्थी शब्द चुनकर खाली स्थान में लिखिए।

क) मित्र **दोस्त** (दोस्त, वैरी, मनुष्य)

ख) वायु **समीर** (सलिल, समीर, अनल)

ग) इच्छा **कामना** (वनिता, व्यथा, कामना)

घ) वन **कानन** (धरा, कानन, उपवन)

ङ) नदी **सरिता** (नीर, जलद, सरिता)

३. उचित मिलान कीजिए।

क) आकाश	i) राकेश
ख) उपवन	ii) वैरी
ग) चाँद	iii) कगार
घ) शत्रु	iv) वाटिका
ङ) किनारा	v) गगन
च) पृथ्वी	vi) प्रसन्नता
छ) तन	vii) काया
ज) आनंद	viii) वसुधा

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

४. रेखांकित शब्दों के पर्यायवाची शब्दों का प्रयोग करके वाक्य दुबारा लिखिए।

क) <u>**सुबह**</u> अचानक <u>**बादल**</u> छा गए।

उ: प्रात: अचानक घन छा गए।

ख) हमें **पृथ्वी** पर **वृक्ष** लगाने चाहिए।

उ: हमें धरती पर पेड़ लगाने चाहिए।

ग) **आसमान** में **पक्षी** उड़ रहे हैं।

उ: आकाश में खग उड़ रहे हैं।

घ) सारा **संसार** **भगवान** ने बनाया है।

उ: सारा जग ईश्वर ने बनाया है।

ङ) **नदी** के **किनारे** लोग बैठे थे।

उ: तटिनी के तट पर लोग बैठे थे।

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow